50. भारत के सौर ऊर्जा लक्ष्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत वर्तमान में संस्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर है।
2. वर्ष 2011 के पश्चात, भारत का सौर ऊर्जा क्षेत्र 50% से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से वृद्धि कर रहा है।
3. भारत ने जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 300GW की कुल संस्थापित ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

51. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

फसल		*जलवायु क्षेत्र*
1. गन्ना	:	शीतोष्ण घास के मैदान
2. जैतून	:	भूमध्यसागरीय क्षेत्र
3. कोको	:	भूमध्यरेखीय क्षेत्र

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2

52. स्वीट क्रूड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसमें सल्फर नहीं होता है।
2. इसके निष्कर्षण हेतु कम ऊर्जा की आवश्यकता होती है तथा एक बार निष्कर्षण के उपरांत इससे उच्च गुणवत्ता वाले गैसोलीन का उत्पादन किया जाता है।
3. वेनेजुएला स्वीट क्रूड ऑयल का प्रमुख उत्पादक देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

53. कृषि के कोलखहोज़ मॉडल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसे साम्यवादी देश चीन में प्रारंभ किया गया था।
2. यह सहकारी और सामूहिक कृषि दोनों से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

54. दालों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है?

(a) देश के कुल बोए गए क्षेत्र के लगभग 10 प्रतिशत से अधिक भाग पर दालें उगाई जाती हैं।
(b) भारत विश्व में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के साथ-साथ सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है।
(c) सभी दालें वायु से नाइट्रोजन को स्थिरीकृत करके मृदा उर्वरता को बनाए रखने में सहायता करती हैं।
(d) राजस्थान, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश देश के प्रमुख दलहन उत्पादक राज्य हैं।

55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

जनजाति		*व्यवसाय*
1. बिंदीबू	:	खानाबदोश चरवाहे
2. बुशमैन	:	आदिम शिकारी और संग्राहक
3. गोबी मंगोल	:	कारवां व्यापारी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 2